दुर्घटनाएं

गांव के एक खेत में गेहूं की रखवाली करने के लिए गए थे, सुनार नदी में मछली पकड़ने के दौरान हुआ हादसा

# खेत में फैले करंट की चपेट में आने से मामा-भांजे की मौत



**नवभारत, हटा 4 अप्रैल।** जिले के धूमा गांव में शनिवार को करंट लगने से मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा उस वक्त हुआ है जब दोनों सुनार नदी में मछली पकड़ रहे थे. हादसे की खबर मिलते ही परिजन पहुंच गए.

चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह और पुलिस के अनुसार ग्राम धूमा निवासी अस्सू रैकवार अपने भांजे अभिषेक रैकवार दोपहर के वक्त गांव के एक खेत में गेहूं की रखवाली करने के लिए गए थे, इस दौरान एक अन्य खेत के पास सुनार नदी में मछली पकडने लगे. जब वे मछली पकड़ रहे थे, इस दौरान समीप के खेत में फैले करंट की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौत हो गई.

### खेत में एक तार की कटी हुई डोरी पड़ी थी

हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस को परिजनों ने बताया कि अस्सू अपने भान्जे अभिषेक को लेकर खेत में गेहूं की रखवाली करने के लिए गया था. खेत के पास ही सुनार नदी है, जहां दोनों मछली पकडने चले गए. वहां गिरधारी पटेल के खेत में एक तार पर कटी हुई डोरी पड़ी थी. जिसकी चपेट में आने से करंट लगा और यह हादसा हुआ है.

### खेत मालिक पर कार्यवाही की मांग

माझी समाज ने कहा कि हटा क्षेत्र के किसानों ने अपने खेतों में इसी तरह करंट फैला कर रखा हैं, जिससे लगातार मौतें हो रही हैं. पूर्व में भी माझी समाज के एक युवा की करंट लगने से मौत हो चुकी है. माझी समाज जिला दमोह की मांग है कि खेत मालिक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए.

## आकाशीय बिजली की चपेट में आए 3 किशोर, 1 की मौत




दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत खंचारी पटी गांव में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया. खेत में फसल की रखवाली कर रहे तीन किशोर बिजली की चपेट में आ गए. इस घटना में एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य का जिला अस्पताल में उपचार जारी है.

**अचानक मौसम हो गया था खराब**-जानकारी के अनुसार खंचारी पटी निवासी विवेक पाल, यशवंत लोधी और घनश्याम लोधी शुक्रवार सुबह अपने दो अन्य साथियों के साथ खेत में रखी फसल की देखरेख कर रहे थे. इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के साथ गर्जना होने लगी.तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए.

**दो किशोरों का उपचार जारी है**-घटना के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे. उपचार के दौरान घनश्याम लोधी की हालत गंभीर होने के कारण उसकी मौत हो गई, जबकि विवेक पाल और यशवंत लोधी को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है. घटना से परिजनों में शोक की लहर व्याप्त है.

## जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत




जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांसा कला निवासी 39 वर्षीय जितेंद्र ठाकुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई.बताया जा रहा है कि मृतक ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था,जिसके बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे. वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक जितेंद्र ठाकुर पत्नी और बच्चों के साथ रहता था.घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है.

## पटेरिया में तालाब किनारे दिखा बड़ा मगरमच्छ

वन विभाग ने ग्रामीणों को तालाब के पास नहीं जाने की सलाह दी

**कुम्हारी नवभारत 4 अप्रैल।** पटेरिया मोती नाला के पास तालाब किनारे एक बड़ा मगरमच्छ देखा गया। इसका वीडियो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल किया। पानी से बाहर मगरमच्छ धूप का आनंद लेते हुए मोबाइल के कैमरा में कैद हुआ। रेंजर अखिलेश चौरसिया द्वारा अपील की गई है कि तालाब से दूरी बनाकर रखें।



मगरमच्छ खतरनाक जानवर होता है, जो अक्सर शिकार की तलाश में किनारो में नजर आता है। इसलिए ग्रामीण मवेशियों को भी उस तरफ जाने से रोकें।

## महुआ बीनने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, हालत गंभीर

**नवभारत, दमोह 4 अप्रैल।** जिले के वन परिक्षेत्र हटा के अंतर्गत आने वाली सिलापुरी बीट में शनिवार दोपहर महुआ बीनने गए एक ग्रामीण रामचरण पिता मनोहर आदिवासी उम्र करीब 32 वर्ष निवासी सिलापुरी को जंगली भालू ने बुरी तरह से हमला कर दिया. जिससे रामचरण को पीठ में गंभीर रूप से चोट आने पर इलाज के लिए डीएफओ ईश्वर जरांडे और वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) हटा ऋषि तिवारी निर्देशन में वनरक्षक



संदीप राज द्वारा जिला अस्पताल लाया गया और उपचार के उपरांत तत्काल 1000 रुपए देकर बेहतर उपचार कराने का आश्वासन दिया।

एक नजर में

### पुराने नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ

**दमोह।** एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व ने बताया दीवान जी की तलैया को खाली कराने हेतु पुराने नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है.नाले की सफाई से जल निकासी में तेजी आएगी और तालाब शीघ्र खाली हो सकेगा. प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है.




### जिला अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन

**दमोह।** स्थानीय जेपीबी विद्यालय में 2 बजे समस्त अध्यापक शिक्षक संगठनों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई,जिसमे प्रांतीय आह्वान पर ज़िले में भी संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया. संयुक्त मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ मोहन सिंह आदर्श ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि नवीन शिक्षा संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय टीईटी के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने सहित दो सूत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों के आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया.जिसमे प्रथम चरण में 8 अप्रैल, द्वितीय चरण 11 अप्रैल व 18 अप्रैल को भोपाल में धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन दिया जाएगा। निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल को जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना कार्यक्रम स्थानीय कलेक्टर कार्यालय के सामने महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित किया जाएगा.

### बाजार में गिरे 86 हजार रुपये किए बरामद

**दमोह।** शहर के आजम खान के 86 हजार रुपये पुलिस द्वारा सुरक्षित वापस कराए गए. शहर में सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम की मुस्तैदी एक बार फिर चर्चा का विषय बनी है. आजम खान के 86 हजार बाजार क्षेत्र में कहीं गिर जाने की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग हरकत में आ गया. पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन व सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा निरीक्षक संतोष सिंह गुर्जर जिला रेडियो प्रभारी के मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की. पुलिस टीम ने लगातार दो दिनों तक शहर में लगे कैमरे के फुटेज खंगाले, जिसमें पैसा उठते हुए एक अज्ञात व्यक्ति की तस्वीर सामने आई. कैमरे की मदद से व्यक्ति के आने जाने का मार्ग और स्कूटी की पहचान हुई.

**आजम खान को वापस की राशि**-अज्ञात व्यक्ति ने परिस्थिति बताने पर माना कि राशि पत्रकार आज़म खान की है. उसने सहर्ष सारी राशि 86 हजार सौंप दी. कड़ी मेहनत और तकनीकी सूझबूझ के चलते सीसीटीवी के माध्यम से 86 हजार की पूरी राशि सुरक्षित बरामद कर ली गई. राशि वापस मिलने पर आज़म खान ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### जबेरा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर बनाने की मांग

**जबेरा 4 अप्रैल।** जिले के जबेरा स्थित शासकीय स्नातक महाविद्यालय को स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर तक उन्नत करने की मांग को लेकर छात्रों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से पहल तेज हो गई है. इसी क्रम में प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया. एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय में बताया कि जबेरा महाविद्यालय में जबलपुर जिले के कटंगी से लेकर जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोरकृघटेरा, नोहटा, तेजगढ़ और अलोनी तक के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं. पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों की लगातार मांग रही है कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू की जाएं.

**क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को मिलेगी सुविधा**-प्रवीण राय के साथ छात्रों का कहना है कि यदि महाविद्यालय में एमए, एमएससी और एमकॉम जैसे पाठ्यक्रम शुरू होते हैं, तो क्षेत्र के गरीब और दूरदराज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दमोह या अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा.वर्तमान में आर्थिक और भौगोलिक कारणों से कई छात्र आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं. ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि शासकीय स्नातक महाविद्यालय जबेरा को शीघ्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्नत करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा की सुविधा मिल सके.

### आरक्षक पर हमला करने वाले को 7 वर्ष की सजा

**दमोह।** न्यायालय जितेन्द्र नारायण सिंह चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश दमोह ने एक बहुचर्चित मामले में आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है. मामले की जानकारी देते हुये अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर ने बताया कि 14 मार्च 25 को चैनपुरा मुहल्ले में होलिका दहन के दौरान आरक्षक रानू राय व आरक्षक राजेश गौड़ जब चैनपुरा वार्ड में पहुंचे तो पुलिस आरक्षकों द्वारा वहां पर उपस्थित व्यक्तियों से शांतिपूर्वक होलिका दहन के लिये कहा गया.तब चैनपुरा वार्ड निवासी सूरज अहिरवार ने हाथ में त्रिशूल लेकर आरक्षक राजेश गौड़ को जान से मारने की नियत से पीछे उसके सिर पर वार किया था.

## बिजली चोरों पर शिकंजा, 75 घरों की जांच, 35 के खिलाफ केस दर्ज

बिजली विभाग ने चलाया विशेष जांच अभियान, मचा हड़कम्प

**नवभारत,दमोह 4 अप्रैल।** शहर में बढ़ते लाइन लॉस पर लगाम कसने के लिए बिजली विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया. मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के दक्षिण संभाग दमोह द्वारा यह विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसने बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा दिया.

कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू के निर्देशन में 6 टीमों ने नूरी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग की. अभियान के दौरान कुल 75 घरों



की जांच की गई, जिसमें 35 स्थानों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए. मौके पर 35 मकानों से उपयोग में लायी जा रही अवैध तार को न्यायालयीन कार्यवाही हेतु जब्त किया गया।

### बिजली चोरी करने वाले हुए फरार

इस दौरान विभाग द्वारा वीडिया व फ ोटाग्राफी कराकर इन्हें चिन्हित किया गया. बिजली विभाग की कार्यवाही से लोग बचते नजर आए। बिजली चोरी करने वाले मौके से अपने मकानों में ताला लगाकर फरार हुये इनके विरूद्ध भी विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही की जा रही है. जांच में सामने आया कि कई उपभोक्ता खपत कंट्रोल करने के लिए अलग से केबिल डाले हुए है।

### अवैध बिजली उपयोग से बचें : साहू

कार्यपालन अभियंता ने बताया कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू ने स्पष्ट किया कि लाइन लॉस कम करने और राजस्व हानि रोकने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे सख्त अभियान लगातार जारी रहेंगे. बिजली विभाग ने आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अवैध बिजली उपयोग से बचें और समय पर बिल का भुगतान करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है.

### पोल से अवैध कनेक्शन जोड़कर कर रहे थे बिजली का उपयोग

इसी प्रकार कई उपभोक्ता तारों में कट लगाकर और पोल से अवैध कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे थे. टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए सभी मामलों में प्रकरण दर्ज किए.इन उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 और 138 के तहत कार्रवाई की गई है. विभाग द्वारा 7 लाख रुपये से अधिक की रिकवरी निर्धारित की गई है.



### पुराने नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ

**नवभारत, दमोह।** एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व ने बताया दीवान जी की तलैया को खाली कराने हेतु पुराने नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है.नाले की सफाई से जल निकासी में तेजी आएगी और तालाब शीघ्र खाली हो सकेगा.प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है.

## घर वापसी पर बीएसएफ जवान का स्वागत

**नवभारत, दमोह 4 अप्रैल।** सरहद पर चार दशक तक देश की सेवा करने वाले बीएसएफ जवान गणेश प्रसाद जब रिटायरमेंट के बाद अपने गृह जिले दमोह पहुंचे. तो रेलवे स्टेशन का नजारा गर्व से भर गया. परिवार, समाज और शहर के लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ उनका भव्य स्वागत किया. पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पदस्थ रहे गणेश प्रसाद ने पूरे 40 वर्षों तक भारत माता की सेवा की. जैसे ही वे स्टेशन पहुंचे, परिजन भावुक हो



उठे. इस मौके पर गणेश प्रसाद ने कहा, आज जो सम्मान और प्यार मिला है,वह मेरे जीवन के सबसे यादगार पलों में से एक है.

## शराबी पति ने पत्नी को पीटा, महिला का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवभारत, दमोह 4 अप्रैल।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के ग्राम घुटकुआ में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. शराब के नशे और कथित अवैध संबंधों के चलते पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। घायल महिला को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है.

पीड़िता गोरा पति बलबंत सिंह ने बताया कि रात करीब 10 बजे उसके पति ने लाठी और हाथों से



बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं. महिला ने बताया कि उसकी शादी को करीब 10 वर्ष हो चुके हैं और उसके तीन बच्चे हैं। आरोप है कि पति के अवैध संबंधों को लेकर अक्सर विवाद होता है और वह लंबे समय से मारपीट कर रहा है.

**सास को बेहोशी की हालत में मिली बहू**-घटना की जानकारी मिलते ही सास गोरा बाई मौके पर पहुंचीं. उन्होंने बताया कि जब वे घर पहुंचीं तो बहू बेहोशी की हालत में मिली, जिसके बाद तुरंत उसे जिला अस्पताल लाया गया. इधर, घटना की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंचे. उनका कहना है कि पिछले कई महीनों से इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं और अब वे न्याय चाहते हैं. मामले को लेकर पुलिस में शिकायत की तैयारी की जा रही है.

## अहंकारी मनुष्य का पतन जल्दी हो जाता है : शास्त्री

श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका पर शुक्रवार से श्रीमद् भागवत मूल पाठ प्रारंभ हुआ, जिसकी दिव्य भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि किसी को भी अपने धन बल बुद्धि आदि का अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि जो जितना अधिक अहंकारी होता है. उसका पतन भी उतने ही जल्दी हो जाता है.

उन्होंने कहा कि जामवंत सतयुग के थे, अब सतयुग में निःसंदेह योद्धा अन्य युगों की



अपेक्षा बहुत अधिक शक्तिशाली होते है. वे ब्रह्मा के अनुसार अंश अवतार थे, जो ब्रह्मा से जन्मा हो उसकी शक्ति के बारे में तो केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है. रामचरितमानस में उनके पराक्रम के बारे में दो कथाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय है. उन दोनों स्थानों पर जामवंत का युद्ध रावण और मेघनाद के साथ हुआ था, जिसमें दोनों को जामवंत ने अपने प्रहार से मूर्छित कर दिया था.

## सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा की मौत

तीन बच्चियों को हालत गंभीर, जिला अस्पताल किया गया रेफर

**नवभारत,पथरिया 4 अप्रैल।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार दोपहर पथरिया से सागर मार्ग की ओर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चालक की मौत और तीन बच्चियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पथरिया से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया. बेहतर उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बच्चियों को सागर रेफर किया गया.

जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112 भोपाल से सूचना पर वाहन महिला आरक्षक स्वाति जाट द्वारा तत्काल रवाना किया गया. जहां



मौके पर 112 डायल आरक्षक शिवम तिवारी व पायलट आनंद राज ने पहुंचकर घायल पड़े बाइक सवार चारों को इलाज के लिए पथरिया अस्पताल लाया गया, जिसमें बाइक चालक विपिन अहिरवार को ड्यूटीरत डॉक्टर द्वारा चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया गया.

**पुलिस जांच में जुटी**-हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन बच्चियों में निकिता अहिरवार, प्राची अहिरवार और निधि अहिरवार की हालत गंभीर होने पर सागर रेफर किया गया है. फिलहाल पूरे घटना की जांच पड़ताल पुलिस कर रही है.

## एचपीवी वैक्सीनेशन का विरोध शिक्षक को पड़ा भारी

सोशल मीडिया पर टीकाकरण का किया था विरोध, प्रभारी कलेक्टर ने किया निलंबित

**नवभारत, दमोह.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह के माध्यमिक शिक्षक दुर्गा प्यासी ने अपनी फेसबुक आईडी पर लिखा कि 14 वर्ष की बालिकाओं को लगाई जाने वाली एचपीवी वैक्सीन पर उनकी उम्र को लेकर संदेह है, वैसे भी कोरोना में लगाई गई वैक्सीन के परिणामों को देश भुगत रहा है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की वैक्सीन में भी कोई विदेशी साजिश नजर आ रही है.

उनकी इस पोस्ट पर जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया .संज्ञान में आते ही जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने दुर्गा प्यासी माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

विरोध

ग्रामीणों में भारी आक्रोश, तत्काल दुकान हटाने की उठी मांग

## शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**नवभारत, बटियागढ़ 4 अप्रैल।** ब्लॉक के ग्राम खड़ेरी में शराब दुकान के स्थानां तरण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला. नाराज ग्रामीणों ने बटियागढ़ मार्ग पर धरना देकर प्रदर्शन किया. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी जमकर नारेबाजी कर प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया.

ग्रामीणों का कहना है कि आबादी क्षेत्र के बीच शराब दुकान खोले जाने से गांव का माहौल खराब हो रहा है. प्रदर्शन में शामिल लक्ष्मीरानी ने बताया कि उनके घर के सामने ही दुकान खुलने से महिलाओं और बच्चों को रोजाना असहज



स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. वहीं देवेंद्र ने बताया कि दुकान के कारण राहगीरों को भी परेशानी हो रही है, साथ ही समीप के गांव आलमपुर से आने-जाने वाली छात्राओं को मनचलों का डर बना हुआ है.

**रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान खोलना गलत**-ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस तरह रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान खोलना सुरक्षा और सामाजिक दृष्टि से गलत है. उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द दुकान को हटाने की मांग की है. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे.तहसीलदार योगेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि आबकारी विभाग की टीम आएगी और दुकान को हटाया जाएगा.